दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी



वर्ष 15 /अंक 102 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, शनिवार, 10 जून 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592

ट्रैफिक मैनेजमेंट में प्रशासन की लापरवाही ने लोगों के लिए...
मंदिरों में दर्शन के लिए ड्रेस कोड लागू, छोटे कपड़े ...

मूल्य- 2 रु.

# अमित शाह ने दिये अमरनाथ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम करने के निर्देश



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में आगामी एक जुलाई से शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। शाह ने शुक्रवार को यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, सीमा सुरक्षाबल और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के महानिदेशक, सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव, सेना और केंद्र सरकार तथा जम्मू-कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि अमरनाथ यात्रियों को सुगमता से दर्शन हों और उन्हें किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने श्री अमरनाथ यात्रा के पूरे मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने हवाईअड्डे और रेलवे स्टेशन से यात्रा बेस कैंप तक के मार्ग पर हर प्रकार की सुचारू व्यवस्था पर जोर दिया। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए रात में भी श्रीनगर और जम्मू से हवाई सेवा उपलब्ध कराने को कहा। शाह ने ऑक्सीजन सिलिंडर और उनकी रिफिलिंग सुनिश्चित करने के साथ-साथ इसका पर्याप्त स्टॉक रखने और डॉक्टरों की अतिरिक्त टीमें उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त चिकित्सा बेड और किसी भी आपात चिकित्सा स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस तथा हेलीकाप्टर तैनात करने को भी कहा। साथ ही अमरनाथ यात्रियों के आवागमन, ठहरने, बिजली, पानी, संचार और स्वास्थ्य समेत सभी आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने यात्रा मार्ग में बेहतर संचार और भूस्खलन होने की स्थिति में मार्ग तुरंत खोलने के लिए मशीनें तैनात करने के निर्देश भी दिये। बैठक में यह जानकारी दी गई कि श्री अमरनाथ यात्रा के सभी यात्रियों को आरएफआईडी कार्ड दिए जाएंगे जिससे उनकी 'रियलटाइम लोकेशन' का पता लगाया जा सके। हर अमरनाथ यात्री का पाँच लाख रुपये और हर पशु का 50,000 रूपए का बीमा करवाया जाएगा। इसके अलावा यात्रा के लिए टेंट, यात्रा मार्ग पर वाईफाई हॉटस्पॉट और समुचित प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही बाबा बर्फानी के ऑनलाइन लाइव दर्शन, पवित्र अमरनाथ गुफा में सुबह और शाम की आरती का सीधा प्रसारण और बेस कैंप में धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## कांग्रेस 'मोहब्बत की दुकान' नहीं, 'भ्रष्टाचार की दुकान' : चंद्रशेखर

**नयी दिल्ली,(वार्ता)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि यह विडंबना है कि गांधी वंशज दुनिया भर में 'मोहब्बत की दुकान' का ढिंढोरा पीट रहे हैं जब उनकी अपनी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार की दुकान' के अलावा कुछ नहीं थी। चंद्रशेखर ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार को घोटालों, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से दूषित बताते हुए कहा, 'उनका ट्रैक रिकॉर्ड खुद के लिए बोलता है। अर्थव्यवस्था मंदी में थी। विनिर्माण क्षेत्र बर्बाद हो गया था और निवेशक पलायन कर रहे थे। बीएसएनएल दिवालिया हो गया था। उनके दस साल के शासनकाल को सबसे अच्छे तरीके से खोए हुए दशक के रूप में वर्णित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में एक कठिन काम था, जब उन्होंने पदभार संभाला था, लेकिन उन्होंने पिछले नौ वर्षों में बदलाव लाने और अभूतपूर्व विकास करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम द्वारा डिजिटल इंडिया स्टैक पहल का मज़ाक उड़ाये जाने को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यूपीआई की सफलता और लाभार्थियों को सीधे बैंक हस्तांतरण ने ना कहने वालों को करारा जवाब दिया है। आज हम डिजिटल अर्थव्यवस्था के हर हिस्से में हैं।

## कांग्रेस ने बदले गुजरात, पुडुचेरी, मुंबई के अध्यक्ष,हरियाणा,दिल्ली को मिला नया प्रभारी

**नयी दिल्ली (वार्ता)** ।कांग्रेस ने गुजरात ,पुडुचेरी और मुंबई में पार्टी के नये अध्यक्ष बनाये हैं जबकि हरियाणा तथा दिल्ली में पार्टी के लिए नये प्रभारी की नियुक्ति हुयी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सांसद शक्ति सिंह गोहिल को गुजरात, सांसद वी वैथलिंगम को पुडुचेरी तथा विधायक वर्षा गायकवाड को मुंबई का नया अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने वरिष्ठ नेता दीपक बाबरिया को गोहिल की जगह दिल्ली तथा हरियाणा का नया प्रभारी नियुक्त किया है।

## केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली बनी 'ब्लैक स्पॉट' : नड्डा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में आर्थिक प्रगति की असीम संभावनाओं का एक 'ब्राइट स्पॉट' यानी चमकीला बिन्दु बन कर उभरा है वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली 'ब्लैक स्पॉट' बन गयी है। जगत प्रकाश नड्डा ने आज यहां दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित पॉकेट -5 में दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय के नये भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास के बाद समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद मनोज तिवारी सहित दिल्ली प्रदेश भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इससे पहले भूमिपूजन के मौके पर एक हवन का आयोजन किया गया जिसमें श्री सचदेवा ने मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया।



## शिवपाल ने भाजपा की तुलना 'असुर' से की

**सीतापुर (वार्ता)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तुलना 'असुर' से करते हुये कहा कि समाजवादी महर्षि दधीच की तरह काम कर असुर का नाश करेंगे। पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में जाने से पहले पत्रकारों से दो मिनट की बातचीत में सपा महासचिव ने कहा "भाजपा असुर है। असुर नाश के लिए हम सब महर्षि दधीच का काम करेंगे। इसीलिए हमने इस पावन भूमि से शुरुआत की है। जब हम मंत्री थे तो हमने नैमिषारण्य के विकास के लिए काफी काम किया और आज भी हम इस बात पर आवाज उठाते रहते हैं।"



एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा "हम पूरी तरह से सभी धर्मों को पर्याप्त सम्मान देते हैं। भाजापा केवल ऐसी पार्टी है जो लोगों के दिलों में बंटवारा करती है। नौ वर्षों में भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने पूरे देश में झूठ का प्रचार किया है जिससे सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। कानून व्यवस्था के संबंध में कहा कि हम किसी अपराधी के पक्ष में नहीं है लेकिन लखनऊ में अदालत में और इलाहाबाद में पुलिस कस्टडी में इस तरह की घटनाएं भाजपा के सुशासन की ओर इशारा इशारा करती हैं इससे जनता का मनोबल गिरता है और सभी वर्ग के लोग परेशान हो रहे हैं इसके बाद वह सपा कार्यकर्ता सम्मेलन के प्रशिक्षण सत्र के द्वितीय सत्र में प्रशिक्षण के लिए रवाना हो गए। उन्होंने चक्रतीर्थ माल ललिता देवी मंदिर हनुमानगढ़ी एवं अन्य कई मंदिरों के दर्शन पूजा अर्चना की।

## सरकारी योजनाओं के साथ जुड़कर कार्य करना अभ्युदय की सार्थकता: सीएम योगी

**लखनऊ, (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की योजनाओं के साथ जुड़कर कार्य कर करना ही अभ्युदय की सार्थकता है। अभ्युदय योजना के अभ्यर्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा " अयोग्यः पुरुषो नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः। " यानी कोई अयोग्य नहीं है केवल एक योग्य योजक का साथ चाहिए और प्रदेश के अभ्युदय कोचिंग संस्थान उस योजक के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस कोचिंग संस्थान में नवचयनित आईएएस, पीसीएस, पीपीएस, आईआईटी-जेईई और नीट में सफलता प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गठित



कमेटी से जुड़कर पढ़ा रहे हैं।

उन्होने कहा कि कोविड कालखंड में बसंत पंचमी के दिन शुरू हुआ अभ्युदय कोचिंग संस्थान आज अच्छे परिणाम देता हुआ दिखाई दे रहा है। हमारी सरकार ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों को भी इस कोचिंग से जोड़ा है। फिजिकली और वर्चुअल दोनों तरह की कक्षाएं इस कोचिंग संस्थान में चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी 75 जनपदों में संचालित इन कोचिंग संस्थानों की गुणवत्ता को हमें और बेहतर करना है। योगी ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी इतनी आगे बढ़ चुकी है कि एक जगह बैठकर हम प्रदेश के सभी 75 जनपदों से जुड़ सकते हैं और उसके माध्यम से विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन अपने छात्रों दिला सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1998 से लेकर 2020 तक समाज कल्याण विभाग कोचिंग चलाता था। उनके माध्यम से केवल 3-4 बच्चों का ही चयन हो पाता था।

**उत्तराखंड प्रहरी**
विज्ञापन बुक कराएं
वैवाहिक
संपत्ति
रोजगार
व्यावसायिक
श्रद्धांजलि
बर्थ-डे पार्टी के लिए संपर्क करें।
स्मरण
शिक्षा
नोट: संबंधित खबरें भी प्रकाशित होंगी।
संपादक: सुमित तिवारी
uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# ट्रैफिक मैनेजमेंट में प्रशासन की लापरवाही ने लोगों के लिए शहर में अराजकता और मुश्किलें पैदा की हैं : कोर्ट

## नैनीताल बन सकता है अगला जोशीमठ



सुमित तिवारी, (मुख्य संम्पादक )

**नैनीताल।** उत्तराखंड का मनोरम पर्यटन स्थल नैनीताल अगला जोशीमठ हो सकता है। हम आपको डरा नहीं रहे हैं बल्कि नैनीताल हाई कोर्ट की उस टिप्पणी के बारे में बता रहे हैं, जो शहर में बढ़ते वाहनों की अनियंत्रित संख्या की गंभीरता को लेकर टेंशन बढ़ा देता है। शहर में पर्यटकों की बढ़ती अनियंत्रित भीड़ को स्वतः संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने कहा कि अगर इस समस्या का तुरंत समाधान नहीं किया जाता है तो स्थिति और खराब हो सकती है।

नैनीताल अगला जोशीमठ बन सकता है। कोर्ट का इशारा बद्रीनाथ के पास स्थिति जोशीमठ शहर की ओर था, जहां हाल ही में बड़े पैमाने पर निर्माण और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की वजह से तमाम घरों में दरारें दिखाई देनी शुरू हो गई थीं। इस वजह से वहां के लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था और राहत शिविरों में रुकना पड़ा था।

**अगर इस समस्या का तुरंत समाधान नहीं किया जाता है तो स्थिति और खराब हो सकती है।**

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और जस्टिस रा के श थपलियाल की खंडपीठ ने बुधवार और गुरुवार को 2 दिन की अवधि में एक जनहित याचिका ( पीआईएल ) पर सुनवाई करते हुए कहा कि ट्रैफिक मैनेजमेंट में प्रशासन की लापरवाही ने लोगों के लिए शहर में अराजकता और मुश्किलें पैदा की हैं।

पीठ ने आगे कहा कि शहर में काफी संख्या में गाड़ियों के प्रवेश ने, खासतौर पर वीकेंड के दौरान, नैनीताल के यातायात की समस्याओं का बढ़ा दिया है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि इसे नियंत्रित करने के प्रशासन को चाहिए कि वह पर्यटकों को निजी वाहनों को न लाने के लिए हतोत्साहित करे और इसकी बजाय कस्बे में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं बढ़ाई जाएं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 19 जुलाई की तारीख दी है और राज्य सरकार से उनकी सिफारिशें तलब की हैं। कोर्ट की इस गंभीर टिप्पणी के बाद सुनवाई के दौरान मौजूद नैनीताल सर्कल अधिकारी ( सीओ ) विभा दीक्षित ने अदालत को आश्वासन दिया कि शहर में यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे।



## दो बाघों ने किया हमला तो कुदाल लेकर भिड़ गया बुजुर्ग

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**कोटद्वार।** उत्तराखंड में कोटद्वार के रिखणीखाल ब्लॉक के सेरोगाड गांव में खेतों में जा रहे एक वृद्ध पर दो बाघों ने हमला कर दिया। वृद्ध ने हिम्मत नहीं हारी और उनका डटकर मुकाबला किया। वृद्ध ने शोर मचाते हुए कुदाल से बाघों पर कई प्रहार किए और उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया। संघर्ष में वृद्ध बुरी तरह जख्मी हो गया लेकिन जान बच गई। सूचना मिलते ही डॉक्टर को लेकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल का उपचार किया।बृहस्पतिवार को रिखणीखाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत तोल्यूडांडा के सेरोगाड गांव के मरगांव तोक निवासी मनवर सिंह रावत (70) सुबह 7:30 बजे हाथ में कुदाल लेकर खेतों में धान की पौध में पानी लगाने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे दो बाघों ने उन पर हमला कर दिया। खतरे को भांपते हुए उन्होंने हिम्मत जुटाई और शोर मचाते हुए बाघों पर कुदाल से हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान बाघ ने उन पर कई बार हमले का प्रयास किया।

## भ्रष्टाचार को रोकने के लिए टोल फ्री नंबर 1064 सभी कार्यालय के बोर्ड पर लगाया जाएगा : मुख्यमंत्री धामी



उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**देहरादून।** आमजन को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले इसके लिए सभी जनपदों में नियमित बहुद्देशीय शिविर लगायें जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकांश जन समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही हो। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए टोल फ्री नम्बर 1064 का बोर्ड सभी कार्यालयों में लगे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। भ्रष्टाचार से संबंधित विजिलेंस को जितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उन पर की गई कार्यवाही की विजिलेंस से नियमित रिपोर्ट ली जाए।

**भ्रष्टाचार से संबंधित विजिलेंस को जितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उन पर की गई कार्यवाही की विजिलेंस से नियमित रिपोर्ट ली जाए**

मुख्यमंत्री ने सभी एसएसपी को निर्देश दिये कि जनपद स्तर पर विवेचना से संबंधित जो मामले एक साल से अधिक समय से लम्बित हैं, अभियान चलाकर तीन माह के अन्दर उनकों निस्तारित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विवेचना सबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण हो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की पहली समीक्षा बैठक के दौरान ये निर्देश वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारियों एवं एसएसपी को दिये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक में निर्देश दिये कि ग्राम सभाओं की चौपालों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा माह में कितनी बार भ्रमण किया जा रहा है। इसका भी कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग पूरा अपडेट रखे। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जिलाधिकारी नियमित ग्रामसभा चौपालों में जाएं और अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को भी भेंजे। ग्राम भ्रमणों की मासिक रिपोर्ट, बीडीसी एवं तहसील दिवस की मासिक रिपोर्ट एवं उनमें प्राप्त शिकायतें और उनके निस्तारण के लिए की गई कार्यवाही की नियमित रिपोर्ट कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग को भेजें। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिये कि जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जन प्रतिनिधियों एवं आम जन के फोन रिसीव न करने वाले अधिकारियों पर भी कारवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश अधिकारी फोन रिसीव न कर पा रहे हैं, तो बाद में अवश्य कॉल बैक करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़वाल एवं कुमांऊ कमिश्नर अपने मण्डलों में जन समस्याओं के त्वरित निदान एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए नियमित समीक्षा करें।

## सीएम धामी ने 21 आईएएस अधिकारियों को जिलों की कमान सौंपी

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड शासन से बड़ी खबर आई है। बताया जा रहा है कि धामी सरकार ने प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के 21 सीनियर आईएएस अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईएएस अधिकारियों को जिलों की कमान सौंपी है। इसके तहत ये अधिकारी विकास योजना को और तेज करने के लिए सोमवार से अपने अपने जिलों का दौरा करेंगे।




### इन आईएएस अधिकारियों को मिली जिलों की जिम्मेदारी

- प्रमुख सचिव आरके सुधांशु को नैनीताल की जिम्मेदारी।
- प्रमुख सचिव एल फनेई को टिहरी की जिम्मेदारी।
- सचिव डॉ आर मीनाक्षी सुंदरम को पौड़ी
- सचिव शैलेश बगौली को पिथौरागढ़
- सचिव नितेश कुमार झा को चंपावत
- सचिव अरविंद सिंह हयांकी को उत्तरकाशी
- सचिव सचिन कुर्वे को चमोली
- सचिव दिलीप जावलकर को बागेश्वर
- सचिव बीवीआरसी पुरुषोत्तम को रुद्रप्रयाग
- सचिव रविनाथ रमन को अल्मोड़ा
- डॉ पंकज पांडे को हरिद्वार
- सचिव डॉ रंजीत सिन्हा को उधम सिंह नगर सचिव
- सचिव विनोद प्रसाद रतूड़ी को नैनीताल
- सचिव हरीश चंद्र को सेमवाल
- टिहरी सचिव चंद्रेश यादव को पौड़ी
- सचिव ब्रजेश कुमार संत को पिथौरागढ़
- सचिव विजय कुमार यादव को चंपावत
- सचिव डॉ राजेश कुमार को उत्तरकाशी
- सचिव दीपेंद्र चौधरी को चमोली
- सचिव सुरेंद्र नारायण पांडे को बागेश्वर
- सचिव विनोद कुमार सुमन को रुद्रप्रयाग।



## त्रिवेंद्र के 'गोडसे देशभक्त' वाले बयान पर भड़की कांग्रेस, माहरा बोले- भाजपाई इतने सालों से झूठी गांधी जयंती मनाते रहे हैं

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताये जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए इसे भाजपा नेताओं की विक्षिप्त मानसिकता करार दिया है। करन माहरा ने कहा कि त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पूरी भाजपा के मन की बात बाहर निकाली है, दरसल भाजपा तथा उससे जुडे संगठन आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के साथ खड़े थे तथा अंग्रेज जाते हुए उन्हें मुखबिरी की ऐबज में एक मंत्र देकर गये कि भारत देश में केवल लोगों को भ्रमित करने तथा धर्म के नाम पर लडा कर बांटों और राज करो की नीति पर चल कर ही सत्ता में बने रहा जा सकता है। आज देश संविधान, कानून से नहीं केवल सत्ता का दुरूपयोग कर चलाया जा रहा है। देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महापुरूषों का अपमान ही भाजपा का उद्देश्य रह गया है तथा जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अग्रेजों का साथ दिया उनको महिमा मंडित किया जा रहा है।

# व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ है, व्यापारी वर्ग का राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान है : धामी



**भाजपा की सरकार में ही व्यापारी स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा है ।**

**कांग्रेस ने हमेशा से ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, व्यापारी वर्ग की कमर तोड़ी।**

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार स्थित ऋषिकुल ऑडिटोरियम (सभागार) में भारतीय जनता पार्टी, हरिद्वार लोकसभा के व्यापारी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सिरखत करते हुए कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ है। उन्होंने कहा कि केंद्र के नौ वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में एक नया विश्वास पैदा हुआ है और भाजपा की सरकार में ही व्यापारी स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग भी देश के हित के बारे में सोचता है। व्यापारी वर्ग का राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान है ,जिसे भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारी वर्ग अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी आगे रहता है।व्यापारी वर्ग की कठिन साधना तथा तपस्या ने देश को बहुत कुछ दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश में आज व्यापारी वर्ग का विकास हो रहा है।

एक समय था जब व्यापारी वर्ग को धमकी दी जाती थी, किंतु आज व्यापारी वर्ग प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश में भी बिना भय के अपने व्यापार को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को लेकर भाजपा आगे बढ़ रही है। उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। व्यापारी वर्ग की कमर तोड़ी। आज डबल इंजन की सरकार में व्यापारी हितों की रक्षा के लिए नए-नए कदम उठाए जा रहे हैं तथा उन्हें प्रोत्साहित के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है।उन्होंने कहा कि व्यापारी हित के लिए उनकी सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि प्रदेश का व्यापारी वर्ग आगे बढ़े तथा बाहर से भी उद्योगों को लाकर प्रदेश में स्थापित किया जा रहा है, जिससे कि यहां के लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल, हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, हरिद्वार विधायक मदन कौशिक, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल आदि ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये व्यापारियों के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला।



इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानन्द, आदेश चौहान, विधायक प्रदीप बत्रा, व ब्रजभूषण गैरोला, पूर्व विधायक सुरेश चंद जैन व पूर्व विधायक संजय गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, आशुतोष शर्मा, लव शर्मा, डॉ विशाल गर्ग, ओमप्रकाश जगदंबनी, शोभाराम प्रजापति, संदीप गोयल, डॉक्टर जयपाल सिंह चौहान, विवेक काम्बोज, रामगोपाल कंसल, सौरभ भूषण शर्मा, अतुल वर्मा, सतीश सैनी, देशपाल रोड, सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल, एसडीएम पूरण सिंह राणाा, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट नूपुर वर्मा, सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## व्यापारी को महिला आयोग, पिछड़ा आयोग सफ़ाई, आयोग की तर्ज़ पर व्यापारी आयोग मिलना चाहिए : संजीव चौधरी



**हरिद्वार ,(उत्तराखंड प्रहरी)।** राष्ट्रीय व्यापार मण्डल के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी के नेतृत्व में हरिद्वार पहुँचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन दे कर पॉड टैक्सी का रूट बदलने व व्यापारी आयोग बनाने की माँग की। ज्ञापन देते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा की हम सभी हरिद्वार के नागरिक व व्यापारी पॉड टैक्सी का स्वागत करते है। ये बहुत अच्छा और महान कार्य हरिद्वार में सरकार करा रही है इसको ले कर हरिद्वार में उत्साह का माहोल है पर सभी व्यापारी वर्ग इसका रूट गंगा किनारे ले जाने का निवेदन करते है गंगा किनारे किनारे यदि ये चलेगी तो इसकी भव्यता और बढ़ जाएगी और हरिद्वार का व्यापार भी प्रभावित नही होगा। साथ ही व्यापारी को महिला आयोग, पिछड़ा आयोग सफ़ाई, आयोग की तर्ज़ पर व्यापारी आयोग मिलना चाहिए। चौधरी ने कहा की आज सरकार और व्यापारी के बीच कोई सेतु नहीं है आयोग बनने से सरकार और व्यापारी के बीच वार्ता करने का एक अच्छा माध्यम तैयार हो जाएगा और व्यापारी अपनी बात आयोग के माध्यम से सरकार से रख पाएगा। ज्ञापन देने वालो में प्रदेश महामंत्री सुदीश श्रोत्रीय, शहर अध्यक्ष कनखल पंकज सवन्नी, शहर अध्यक्ष ज्वालापुर हरविंदर सिंह, विक्की ज़िला महामंत्री सागर, ज़िला महामंत्री संगीत बंसल, ज़िला उपाध्यक्ष अशोक गिरी, ज़िला उपाध्यक्ष अजीत सिरोही, ज़िला प्रवक्ता संजय सिन्हा, विनीत धिमान, युवा ज़िला उपाध्यक्ष आशीष पवार, अरविंद कुमार, पुष्पेंद्र गुप्ता, विजय धिमान, विपिन राणा व संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा में किसानों पर हुए लाठीचार्ज पर भड़का किसान यूनियन

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता



**हरिद्वार।** हरियाणा कुरूक्षेत्र में किसानों पर हुए बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज के बाद भारतीय किसान यूनियन पथिक भड़क गया है। किसान यूनियन ने आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हरियाणा भाजपा सरकार को सबक सिखाने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन पथिक की हरिद्वार जगजीतपुर स्थित एक आवास बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज चौधरी ने कहा कि हरियाणा कुरुक्षेत्र में निहत्थे किसानों पर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज कर दिया। किसान अपनी सूरजमुखी फसलों की एमएसपी की मांग कर रहे थे। जिससे किसानों को अपनी फसलों के उचित मूल्य मिल सकें, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने किसानों के पर लाठी चार्ज कर बहुत ही निंदनीय कार्य किया है। उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष चौधरी मैनपाल सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए बोबी छात्र मोर्चा हरिद्वार जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर उत्तराखंड युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सिताब सिंह, अमित गुर्जर हरिद्वार जिलाध्यक्ष, धीरेंद्र कुमार, जोनी मुखिया, सोमवीर राणा, गुलशन प्रधान, रूद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

## भर्ती घोटाले मामले में हरिद्वार पुलिस ने यूपी में ढोल नगाड़ों के साथ जाकर आरोपियों के घर की मुनादी



**हरिद्वार ,(उत्तराखंड प्रहरी)।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड में भर्ती घोटाले पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह के दिशा निर्देश में एसआईटी गठित कर भर्ती घोटाला उजागर किया था।अभियुक्तों द्वारा लगातार जारी वारंटों की अवहेलना करने पर हरिद्वार पुलिस द्वारा आरोपियों के घर पर ढोल नगाड़ों के साथ मुनादी की गई व न्यालालय के आदेश के क्रम में कुर्की (82 सीआरपीसी) के तहत आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा किया गया। हरिद्वार पुलिस ने अनिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी मांडू वाला थाना फतेहपुर सहारनपुर उत्तर प्रदेश, भूषण पुत्र बृजपाल निवासी अंभेहटा चांद, थाना बड़गांव, जिला सहारनपुर यूपी के घर पर जाकर ढोल नगाड़ों के साथ जाकर मुनादी की।

## महापौर ने मुख्य नगर आयुक्त को निगम के शिकायत प्रकोष्ठ का प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो





**हरिद्वार।** नगर निगम, हरिद्वार की महापौर अनिता शर्मा ने मुख्य नगर आयुक्त, हरिद्वार को निगम के शिकायत प्रकोष्ठ का प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया है। मुख्य नगर आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि अवगत है कि नगर निगम, हरिद्वार द्वारा शिकायत प्रकोष्ठ संचालित किया जा रहा है, जिसमें नगर निगम हरिद्वार की सेवा लेने अथवा शिकायत दर्ज कर सेवा का लाभ लिया जा सकता, परन्तु उक्त शिकायत प्रकोष्ठ का प्रचार-प्रसार अत्यधिक न होने के कारण निगम क्षेत्र की जनता को नगर निगम, हरिद्वार से सम्बन्धित शिकायत व निगम की सेवा लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा आगामी माह में कावड मेला आदि आयोजन हरिद्वार क्षेत्र में होने है, जिसमें नगर निगम, हरिद्वार में भारी संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का आवागमन होगा व उक्त आयोजनों के दौरान निगम द्वारा पथ प्रकाश व्यवस्था एवं साफ-सफाई आदि कार्यों को शिकायत प्रकोष्ठ के माध्यम से अविलम्ब कराये जाने के लिए नगर निगम, हरिद्वार द्वारा संचालित शिकायत प्रकोष्ठ का प्रचार-प्रसार पम्पलेट व विज्ञापन पटट आदि माध्यमों से करवाना सुनिश्चित करें, साथ ही उक्त शिकायत प्रकोष्ठ का निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा सप्ताह में एक बार अवश्य किया जायेगा, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिये सम्बन्धित अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# मंदिरों में दर्शन के लिए ड्रेस कोड लागू, छोटे कपड़े पहनकर मंदिरों में प्रवेश किया गया वर्जित

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**साधु-संत मंदिरों की पवित्रता और गरिमा बनाए रखने के लिए ड्रेस कोड की मांग उठा रहे हैं।**

**महिला या पुरुष नियम का पालन नहीं करती है तो उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।**




**हरिद्वार।** तीर्थनगरी हरिद्वार में भी अब दक्षिण भारतीय मंदिरों में प्रवेश की भांति ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। जिसके तहत छोटे कपड़े पहनकर मंदिरों में प्रवेश वर्जित किया गया है। देवभूमि उत्तराखंड में इन दिनों धार्मिक स्थलों पर ड्रेस कोड का मामला सुर्खियों में है। साधु-संत मंदिरों की पवित्रता और गरिमा बनाए रखने के लिए ड्रेस कोड की मांग उठा रहे हैं। कई मंदिरों में महिलाओं और लड़कियों को छोटे कपड़े पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं करने की अपील की गई है। इसको लेकर मंदिरों के बाहर पोस्टर भी लगाए गए हैं। जिससे मंदिर में आने वाले लोग इस नियम का पालन करें। इस मामले में श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी का कहना है कि यदि भी फिर कोई महिला या पुरुष नियम का पालन नहीं करती है तो उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना है कि उनकी अपील का महिलाओं और लड़कियों ने भी स्वागत किया है। मंदिर की एक मर्यादा होती है और उसका मंदिर में आने वाले सभी भक्तों को पालन करना चाहिए। मंदिर में मर्यादा बनी रहे। अब हरिद्वार के दक्ष प्रजापति मंदिर और नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में महिलाओं और लड़कियों को छोटे कपड़े पर रोक संबंधित पोस्टर लगा दिए गए हैं। जिसमें अपील की है कि महिलाएं या लड़कियां शॉर्ट कपड़े पहनकर मंदिर में प्रवेश न करें। इसके अलावा पोस्टर में ये भी कहा गया है कि छोटे वस्त्र, हाफ पैंट, बर्मडा, मिनी स्कर्ट, नाईट सूट, कटी फटी जींस आदि पहनकर आने पर बाहर से ही दर्शन करें। बताते चलें कि बीते दिनों महानिर्वाणी अखाड़ा के अंतर्गत आने वाले उत्तराखंड के नीलकंठ महादेव मंदिर ऋषिकेश, हरिद्वार के कनखल में स्थित दक्ष प्रजापति मंदिर और देहरादून स्थित टपकेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं को मर्यादित कपड़े पहनकर आने के ही अपील की थी। महानिर्वाणी अखाड़ा की इस पहल का देवभूमि में साधु-संतों ने स्वागत किया है।

# मुख्यमंत्री धामी ने हरिद्वार के संतों से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया



**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कनखल स्थित जगतगुरू आश्रम में जगतगुरू स्वामी राजराजेश्वराश्रम से शिष्टाचार भेंट की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी डामकोठी पहुंचे, जहां उन्होंने पंचायती निर्मल अखाड़ा के स्वामी ज्ञानदेव शास्त्री, बड़ा अखाड़ा के महन्त दुर्गादास, महामण्डलेश्वर रूपेन्द्र प्रकाश सहित अन्य सन्त महात्माओं से भी शिष्टाचार भेंट की तथा उनका आशीर्वाद लिया।

# श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन में चल रहे विवाद समाप्त होने का संकेत

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता



**हरिद्वार।** श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन में चल रहे विवाद के शीघ्र समाप्त होने के संकेत मिलने लगे हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष की पहल पर अखाड़े के तीन श्रीमहंतों से वार्ता के बाद सभी की ओर से सकारात्मक रूख सामने आया है। विदित हो कि बड़ा उदासीन अखाड़े में अंदरूनी विवाद के चलते अखाड़े से एक श्रीमहंत समेत चार संतों को निष्कासित कर दिया था। जिसके बाद अखाड़े में संतों के बीच तनाव बढ़ गया। इस विवाद का पटाक्षेप करने के लिए विगत तीन दिनों से अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने अखाड़े के तीन श्रीमहंतों श्रीमहंत महेश्वर दास महाराज, श्री महंत रघुमुनि व श्री महंत दुर्गादास महाराज से अलग-अलग वार्ता की और अखाड़े के विवाद का शीघ्र पटाक्षेप अखाड़ा व समाजहित में करने की अपील की। जिस पर सभी ने विवाद का शीघ्र पटाक्षेप करने के लिए अपना सकारात्मक रूख दिखलाया।

# स्वामी देवेंद्र बने अखिल भारतीय सनातन परिषद पुर्तगाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**सनातन धर्म की रक्षा के लिए कार्य कर रही परिषद: श्रीमहंत रविंद्रपुरी**

**पूरे विश्व में फहराएंगे सनातन की पताका: स्वामी देवेंद्र**

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय सनातन परिषद के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के नेतृत्व में परिषद का विस्तार देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी होने लगा है इसी क्रम में सूर्यवंशी अखाड़ा परिषद के अंतरराष्ट्रीय आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्र महाराज को यूरोपियन पुर्तगाल का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह विश्व में सनातन को मजबूती प्रदान करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। अखिल भारतीय सनातन परिषद के केंद्रीय कार्यालय पर संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार बत्रा ने किया। राष्ट्रीय महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अखिल भारतीय सनातन परिषद के संस्थापक अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि सूर्यवंशी अखाड़ा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्र महाराज को यूरोपियन पुर्तगाल राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। सूर्यवंशी अखाड़ा परिषद के महामंडलेश्वर डॉ. संजीव महाराज को मेरठ जनपद का संयोजक बनाया गया है। महामंडलेश्वर स्वामी राजेश्वरानंद योगेश्वर महाराज को गाजियाबाद जनपद का संयोजक नियुक्त किया है। महामंडलेश्वर महंत डॉ. जोगेंद्र नाथ को सहारनपुर जनपद के संयोजक के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार और सनातन को मजबूत करने के लिए अखिल भारतीय सनातन परिषद का गठन किया गया था। जो अब देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी विस्तार ले रही है। देश विदेशों में सनातन धर्म के के प्रचार प्रसार के लिए परिषद काम कर रही है। उन्होंने कहा कि परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारी सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और सनातन को मजबूती प्रदान करेंगे। यूरोपियन पुर्तगाल के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्र महाराज ने कहा कि पूरे विश्व में सनातन की पताका फहराया जाएगा। इसके लिए पूरी निष्ठा कर्मठता से कार्य किया जाएगा।

# जबरन गर्भपात के मामले में पुलिस की कार्यवाही, अस्पताल संचालक और डॉक्टर गिरफ्तार

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता




**पीड़िता को बहला फुसलाकर दुष्कर्म के आरोपी समीर को पूर्व में भेजा जा चुका है जेल**

**महिला को जबरन गर्भपात कराने के लिए अस्पताल लाया था आरोपी**

**बहादराबाद।** मंगलवार को कोतवाली ज्वालापुर में दर्ज मुकदमा में ज्वालापुर पुलिस द्वारा आरोपी समीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पीड़िता के मेडिकल व 161 के बयानों के आधार पर उक्त मुकदमे में धारा 376 (2) (ढ), 312 आईपीसी व पोक्सो अधिनियम की बढ़ोतरी की गई थी। इसी प्रकरण में बुधवार को थाना बहादराबाद में आशुतोष निवासी ज्वालापुर ने आरोपी समीर व भारत हॉस्पिटल कलियर रोड के संचालक अरमान मालिक व डॉक्टर शाहवेज के विरुद्ध उसकी बहन का जबरन गर्भपात कराने सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच में पाया गया कि समीर और अस्पताल प्रबंधक तथा डॉक्टर एक दूसरे के परिचित थे जिन्होंने योजना के तहत उक्त युवती का गर्भपात बिना उसकी सहमति से करने के लिए उसको अस्पताल में भर्ती किया था तथा उसको गर्भपात कराने वाली दवाइयां दी। साथ ही अस्पताल का लइसेंश पिछले 2 साल से रिन्यूअल भी नहीं हुआ है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार के निर्देशित क्रम में थाना बहादराबाद पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए शुकरवार को दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।

# बाइक सवार युवकों ने की कई राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग, गांव में दहशत

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**रुड़की।** दो बाइक सवार युवकों द्वारा की गई ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में दहशत फैल गई। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। हालांकि पुलिस के आने से पहले ही दोनों बाइक सवार मौके से फरार हो गए। जिले के रुड़की स्थित गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव में बीती देर रात यह घटना हुई। जानकारी के मुताबिक रुड़की से सटे रामपुर गांव में बीती देर रात दो पक्षों में किसी बात को लेकर मामूली विवाद हो गया। जिसमे एक पक्ष ने एक के बाद एक तीन राउंड हवाई फायरिंग की। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। उक्त घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन बताया जा रहा है कि पुलिस के आने से पहले ही फायरिंग करने वाले युवक मौके से फरार हो गए। गंगनहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बीएल भारती ने बताया कि मामले की जानकारी मिली थी। मौके पर पुलिस टीम को भेजा गया, लेकिन उससे पहले ही आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



**पुलिस के आने से पहले ही दोनों बाइक सवार मौके से फरार**

# जम्मू में चमकी हिमाचल की बेटियां, सपना और सीमा ने मास्टर्स हॉकी स्पर्धा में किया बेहतरीन प्रदर्शन




**दौलतपुर चौक।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के गांव नंगल जरियालां की दो बेटियों सपना और सीमा ने हाल ही में मास्टर्स हॉकी एसोसिएशन जम्मू कश्मीर द्वारा जम्मू में आयोजित प्रतियोगिता में हिमाचल की तरफ से खेलते हुए पंजाब की टीम को 3 गोल के अंतर से मात देकर मास्टर्स 6-ए साइड हॉकी प्रतियोगिता में महिला वर्ग का खिताब जीता है। गौर रहे कि जम्मू में संपन्न हुई इस दो दिवसीय मास्टर्स महिला हॉकी प्रतियोगिता में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब की टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रदेश की टीम ने पड़ोसी राज्यों की महिला टीमों को धूल चटाते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी सपना एवं सीमा ने बनारस में संपन्न हुई राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली हॉकी टीम का हिस्सा बनकर गांव, जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन किया था। उधर, सपना और सीमा ने बताया कि यद्यपि 40 प्लस उम्र की महिलाएं मास्टर्स गेम्स की बदौलत लगातार 3 वर्षों से मेडल जीत कर प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। बावजूद इसके सरकार की तरफ से उन्हें अभी तक कोई अच्छा सहयोग नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनका चयन 12 मई से 20 मई 2023 तक दक्षिणी कोरिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए हुआ था, लेकिन सरकारी अथवा निजी किसी भी तरह की स्पॉन्सरशिप न मिल पाने की वजह से वे टीम का हिस्सा नहीं बन पाईं। यदि सरकार द्वारा थोड़ा प्रोत्साहन उन्हें दिया जाता, तो वे विदेश की धरती पर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकती थीं।

**हैंडबॉल प्रीमियम लीग को रैफरी चंदन ठाकुर सिलेक्ट**

बिलासपुर । जयपुर में हो रही हैंडबॉल प्रीमियर लीग के सभी मैचों को सफलता से खिलाने के लिए 4 भारतीय रैफरी व एशियन हैंडबॉल फेडरेशन से 6 रैफरी बुलाए गए हैं। 4 भारतीय रैफरियों में एक जिला बिलासपुर से संबंधित है। इसके अलावा सूबे की मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी के खिलाड़ी रोहित कुमार भी राजस्थान पेटरियोट टीम में शामिल है।

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप: पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया 469 पर ऑलआउट, भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ाई



**लंदन।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 469 रन पर समाप्त हो गई। जवाब में भारत ने 150 से पहले पांच विकेट खो दिए। जडेजा 48 पर वापस लौटे, विराट कोहली 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। इससे पहले, चेतेश्वर पुजारा (14 रन) कैमरन ग्रीन की बॉल पर बोल्ड हुए। शुभमन गिल 13 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें स्कॉट बोलैंड ने बोल्ड कर दिया। उनसे पहले कप्तान रोहित शर्मा 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पैट कमिंस ने एलबीडब्ल्यू किया। गुरुवार को मुकाबले का दूसरा दिन था। यह मुकाबला इंग्लैंड में लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। छठे ओवर की आखिरी बॉल पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आउट हुए। उन्हें पैट कमिंस ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। रोहित गुड लेंथ बॉल को सामने खेलना चाहते थे, लेकिन बॉल घुटने से नीची रह गई और पैड से टकरा गई। साथ ही शुभमन गिल बोलैंड की इन-स्विंग बॉल को समझ नहीं सके और गुड लेंथ की बॉल गिल की गिल्लियां बिखेरती चली गई। गिल सातवें ओवर की चौथी बॉल पर बोल्ड हुए। वहीं कैमरुन ग्रीन की अंदर आती बॉल को पुजारा समझ नहीं पाए और लेफ्ट कर दी, लेकिन बॉल ऑफ स्टंप ले उड़ी।

## शिमला के प्रवेश पाल ने नेशनल में जीता ब्रांज मेडल

**शिमला।** भारतीय ग्रेप्पलिंग संघ के तत्त्वावधान में आयोजित 16वीं राष्ट्रीय ग्रेप्पलिंग प्रतियोगिता में शिमला के डोमेहर विकास खंड बसंतपुर के प्रवेश पाल ने अंडर-15 में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। पहली से चार जून तक तुका राय इंडोर स्टेडियम देवास मध्य प्रदेश में 59 किलो भार वर्ग में हिमाचल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। यूनाइटेड वल्ड रेस्लिंग से मान्यता प्राप्त ग्रेप्पलिंग कुश्ती का ही रूपांतरित रूप है। प्रदेश के एक छोटे से गांव से निकल कर राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करना गांव के साथ पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। प्रवेश पाल के कोच एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डोमेहर के कार्यकारी प्रधानाचार्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जितेंद्र चौहान ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।




# कारोबार

# 11 तरह से हॉर्न बजाती है ट्रेन, मुसीबत में करती है आगाह, समझें कब बजती है खतरे की घंटी?

**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालेश्वर में हुए भीषण ट्रेन हादसे ने देशवासियों को झकझोर दिया है। इस भयानक त्रासदी में 270 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। देश में इस सदी की यह सबसे भयानक रेल हादसा है। इस हादसे के बाद लोगों के मन में रेल यात्रा को लेकर कई सवाल घूम रहे हैं। रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों को रेल से जुड़े कुछ नियमों की जानकारी नहीं होती है। जानकारी न होने की वजह से किसी दुर्घटना या उसकी सम्भावना होने पर उनको संकेत के रूप में मिलने वाली चेतावनी को लोग समझ नहीं पाते हैं।

ट्रेन को हॉन बजाते हुए हम सभी ने सुना है, लेकिन आपको मालूम हो कि ट्रेन 11 तरह के हॉर्न देती है। हर हॉर्न का मतलब अगल-अगल होता है। आइए, आज हम इन अलग-अलग हॉर्न के बजने के पीछे की वजह को समझते हैं--



### 1- सबसे छोटे हॉर्न का मतलब

- ट्रेन द्वारा सबसे छोटा हॉर्न तब बजाई जाती है, जब ट्रेन यार्ड में साफ-सफाई के लिए जाती है।

### 2- दो छोटे हॉर्न का मतलब

- ट्रेन दो छोटे हॉर्न तब बजाती है, जब वो यात्रा के लिए तैयार होती है। यह हॉर्न ट्रेन मोटरमैन गार्ड को संकेत देता है कि वह ट्रेन को यात्रा शुरू करने के लिए रेलवे सिग्नल दे।

### 3- तीन छोटे हॉर्न का मतलब

- ट्रेन ड्राइवर जब तीन छोटे-छोट हॉर्न बजाता हो तो वो खतरे की घंटी है। इसका मतलब है कि ट्रेन से कंट्रोल खत्म हो गया है। यह इमरजेंसी का संकेत भी है।

### 4- चार छोटे हॉर्न का मतलब

- ट्रेन ड्राइवर के जरिए जब चार छोटे-छोटे हार्न बजाई जाती है तो इसका मतलब है कि ट्रेन में तकनीकी खराबी आ चुकी है।

### 5- लंबा हॉर्न का मतलब

- जब रेलवे स्टेशन में प्रवेश करने से पहले ट्रेन लंबा हार्न बजाए तो इसका मतलब है कि ट्रेन उस स्टेशन पर रुकने वाली नहीं है। यह यात्रियों के लिए संकेत होती है कि ट्रेन स्टेशन पर रुकने वाली नहीं है।

### 6- रूक-रूक कर दो बार हॉर्न

- अगर ट्रेन दो बार रूक-रूक कर हॉर्न बजाती है तो इसका मतलब यह है कि जो लोग रेलवे क्रॉसिंग के आस-पास हैं वो सतर्क हो जाएं। अक्सर देखा गया है कि लोग रेलवे क्रॉसिंग की अनदेखी कर देते हैं, जिससे दुर्घटना हो जाती है।

### 7- एक छोटा और एक लंबा हॉर्न

- इस हॉर्न के माध्यम से मोटरमैन गार्ड को वैक्यूम पाइप ब्रेक सेट करने का संकेत देता है।

### 8- दो लंबे और एक छोटा हॉर्न

- जब ट्रेन दो लंबे और एक छोटे हॉर्न बजाए तो इसका मतलब है कि ट्रेन ट्रैक बदल रही है।

### 9- दो छोटे और एक लंबे हॉर्न का मतलब

- अगर ट्रेन को चेन खींच कर रोकी जाती है तो गाड़ी दो छोटे और एक लंबा हॉर्न बजाकर इसका संकेत देती है। जब गार्ड वैक्यूम ब्रेक खींचता है तो भी ट्रेन दो छोटे और एक लंबा हॉर्न देती है। वहीं, ट्रेन जब दो छोटे और एक लंबे हॉर्न बजाती तो इसका यह मतलब भी है कि ट्रेन ट्रैक बदलने वाली है।

### 10- छह बार छोटे हॉर्न

- जब ट्रेन छह बार छोटे हॉर्न दे तो यह एक बड़े खतरे की घंटी है। अगर ट्रेन में गलत गतिविधि करने वाले यानी चोर-बदमाश प्रवेश कर जाएं तो ट्रेन ड्राइवर 6 बार छोटे-छोटे हॉर्न देकर सभी लोगों के आगाह करते हैं।

### 11- दो लंबे और दो छोटे हॉर्न

- बता दें कि ट्रेन ड्राइवर द्वारा दो लंबे और दो छोटे हॉर्न तब दिया जाता है जब गार्ड को लोकोमोटिव का नियंत्रण लेने का संकेत देना होता है।

# संपादकीय

## क्यों 'जिंदा' है औरंगजेब?

यह हैरानी और विडंबना है कि स्वतंत्र और संप्रभु भारत में भी औरंगजेब के 'फैन क्लब' हैं! सोशल मीडिया पर उसके नाम के समूह सक्रिय हैं और वे लगातार पोस्ट लिख रहे हैं, लेकिन यह पराकाष्ठा है और अस्वीकार्य भी है कि 'औरंगजेब आप सबका बाप' जुमले के बैनर और पोस्टर लिखे और लहराए जा रहे हैं। दुर्भाग्य है कि देश में एक तबका आज भी औरंगजेब को अपना 'नायक' मानता है। अदालतों के भीतर की बहस के दौरान ऐसी दलीलें दी जा रही हैं-औरंगजेब क्रूर और निर्दयी नहीं था। वह आक्रांता भी नहीं था। उसके कालखंड के दौरान मंदिरों और अन्य हिंदू धर्मस्थलों को ध्वस्त नहीं किया गया। ऐसी दलीलों पर हैरानी होती है और हंसी भी आती है कि भारत का एक हिस्सा आज भी मजहबी, मानसिक तौर पर गुलाम है। हम सांप्रदायिक सौहार्द के पक्षधर हैं और हमारा संविधान भी यही सिखाता है, लिहाजा संप्रदाय के नाम पर भडक़ाए गए दंगों और हिंसक उपद्रवों पर टिप्पणी करने से हम परहेज करते हैं, लेकिन महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहिल्या नगर आदि इलाकों में, औरंगजेब के महिमा-मंडन और आपत्तिजनक हिंदू-विरोधी जुमलों के मद्देनजर, जो सांप्रदायिक तनाव भडक़ा, उसकी भत्र्सना की जानी चाहिए। यह सांप्रदायिक विभाजन का सिलसिला कब थमेगा? औरंगजेब का कालखंड बीते 300 साल से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है, लेकिन औरंगजेब की औलादें आज भी उसे जिंदा रखे हैं। विवादास्पद दुष्प्रचार किया गया, तो कुछ हिंदू संगठनों ने 'बंद' का आह्वान किया। नतीजतन सांप्रदायिकता भिड़ पड़ी और पुलिस को लाठीचार्ज कर माहौल को सामान्य करना पड़ा। 21वीं सदी के भारत में औरंगजेब क्यों और किस तरह प्रासंगिक है? मुगल बादशाहत को खत्म हुए सदियां बीत चुकी हैं। ब्रिटिश साम्राज्य की चूलें भी हमने हिला दी और आज हम एक आजाद मुल्क हैं।

इतिहास में मुर्दों को जिंदा रहने दें और अतीत को दर्ज करते रहें, लेकिन औरंगजेब को 'देश का बाप' मानने और प्रचारित करने का औचित्य क्या है? क्या मुगल भारतीय मुसलमानों के वंशज थे? मुगल बादशाहों ने अपनी ही जमात पर भी खूब जुल्म ढाए थे, क्या मुसलमानों को ये तथ्य ज्ञात नहीं हैं? वाराणसी की कथित ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मस्जिद विवाद अदालतों के विचाराधीन हैं। दोनों ही ऐतिहासिक साक्ष्य हैं कि औरंगजेब ने मंदिरों का विध्वंस किया और मस्जिदें बनवाई थीं। बदकिस्मती है कि हमें आज भी अपने आस्था-स्थलों के संरक्षण के लिए कानूनी लड़ाई लडऩी पड़ रही है। इतिहास में ब्यौरे दर्ज हैं कि औरंगजेब ने राजस्थान के चित्तौडग़ढ़ में ही 63 हिंदू मंदिरों को तुड़वा कर 'मलबा' बनवा दिया था। 1669 में औरंगजेब के आदेश पर ही काशी का मंदिर तोड़ा गया और ज्ञानवापी मस्जिद बनवाई गई। मालवा की तत्कालीन महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने 1780 में मंदिर का पुनर्निर्माण कराया था, जिसे आज हम 'काशी विश्वनाथ मंदिर' के तौर पर जानते हैं। औरंगजेब कितना मानवीय अथवा क्रूर था, उसका एक ही उदाहरण पर्याप्त है।

# खेल आरक्षण वालों को खेल अनिवार्य हो

भूपिंदर सिंह



किसी भी विभाग में दक्षता तभी आती है जब उस विभाग के कर्मचारी व अधिकारी भी उसी विषय में परांगत हो। खेल जैसे प्रायोगिक विषय में तो खिलाडियों की भागीदारी हर स्तर पर बहुत ही जरूरी हो जाती है, चाहे वो प्रबंधन में या फिर प्रशासन में हो। हिमाचल प्रदेश में सैंकड़ों खिलाड़ी खेल आरक्षण के अंतर्गत विभिन्न विभागों में नौकरी कर रहे हैं। दर्जन भर खिलाडियों को छोड़ कर न तो कोई खेल कर रहा है और न ही प्रशिक्षण व अन्य खेल प्रबंधन से जुड़ा है जो राज्य में खेलों के लिए शुभ संकेत नहीं है। वैसे तो देश के केंद्रीय व राज्यों के विभिन्न विभागों में खेल आरक्षण से नौकरी प्राप्त खिलाड़ी कर्मचारी को नौकरी के पहले पांच वर्षों तक खेल करना अनिवार्य होता है, मगर हिमाचल में इक्का-दुक्का खिलाड़ी कर्मचारियों ने ही खेल किया है। खेल से नियमित रोजी-रोटी मिलने वालों को चाहिए कि वे नमक का कुछ तो हक अदा करें, अगर खिलाड़ी के रूप में नहीं हो सकता है तो प्रशिक्षण व प्रबंधन तो आसानी से हो ही सकता है। हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के विभिन्न विभागों में खेल आरक्षण के अंतर्गत तीन प्रतिशत पदों पर भर्ती करती है। शिक्षा विभाग में अब तक सैंकड़ों प्रवक्ता, प्रशिक्षित स्नातक व अन्य पदों पर खेल आरक्षण से शिक्षक नियुक्त हैं। हिमाचल प्रदेश का हर बच्चा विद्यालय जा रहा है। वैसे तो विद्यालय में विद्यार्थियों की फिटनेस व खेलों के लिए शारीरिक शिक्षा का शिक्षक नियुक्त होता है, मगर वह हर खेल के लिए प्रशिक्षण नहीं दे सकता है। भविष्य के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने के लिए किशोरावस्था से ही सही तकनीक के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्व बढ़ जाता है। अरबों की आबादी में किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का प्रारंभिक स्तर से होना बेहद अनिवार्य हो जाता है जो सही उम्र में सही तकनीक सिखा कर भविष्य में खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। हिमाचल प्रदेश में खेल प्रशिक्षण के लिए शुरू से वह वातावरण ही नहीं बन पा रहा है, जिससे बाद में प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठतम परिणाम दिला सकें। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतने लंबे खेल प्रशिक्षण को प्राप्त कर कुछ एक खिलाड़ी ही अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाते हैं। हिमाचल प्रदेश में विद्यालय स्तर पर शारीरिक शिक्षकों की कमी सबके सामने है। विद्यालय जीवन ही वह समय है जब खिलाड़ी तकनीक को सीख रहा होता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण के लिए विद्यालय खुलने से पहले व बंद होने के बाद हिमाचल प्रदेश में शारीरिक शिक्षकों को छोड़ कर अन्य विषयों के शिक्षक जो पूर्व में अच्छे खिलाड़ी रहे हैं, अपने पढ़ाई के कार्य के साथ-साथ विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चला कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व देश का नाम पूर्व में रोशन करते रहे हैं और वर्तमान में कर भी रहे हैं। हमीरपुर शहर के वरिष्ठ माध्यमिक कन्या राजकीय विद्यालय में चार दशक पूर्व नियुक्त प्रयोगशाला सहायक अमरनाथ शर्मा ने हमीरपुर से महिला हाकी के लिए निचले स्तर पर बहुत अच्छा काम किया था। इस तरह और कई नाम हैं जिन्होंने अपनी ड्यूटी के साथ खेल प्रशिक्षण में भी सराहनीय कार्य किया है।

वर्तमान में बिलासपुर जिले के दूरदराज मोरसिंघी गांव के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता व पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी स्नेह लता के प्रशिक्षण कार्यक्रम से राष्ट्रीय स्तर पर हर आयु वर्ग की महिला प्रतियोगिताओं में हिमाचल विजेता है। पिछले एशियाड में भारतीय महिला हैंडबाल टीम में चार खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश से थी। इस साल की राष्ट्रीय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता की विजेता हिमाचल प्रदेश की टीम में अधिकांश खिलाड़ी मोरसिंघी नर्सरी से हैं। स्नेह लता की पहली नियुक्ति शिक्षा विभाग में सोलन जिले के नवगांव वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई थी, उसी समय से स्नेह लता ने हैंडबाल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

# सप्त सिंधु क्षेत्र के एकीकरण का अभियान

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

विशाल सप्त सिन्धु क्षेत्र अपने आप में पूरे पश्चिमोत्तर भारत को समेटे हुए है। बस इतना ध्यान रहना चाहिए कि पश्चिमोत्तर भारत से अभिप्राय 15 अगस्त 1947 के पहले के भारत से है। इस विशाल क्षेत्र में सैकड़ों नदियां हैं लेकिन वे सारी पांच प्रसिद्ध सतलुज, व्यास, जेहलम, रावी व चिनाब में मिल जाती हैं या फिर सिन्धु नदी में मिलती हैं। ये पांचों नदियां सिन्धु में मिलती हैं और सिन्धु अन्त में समुद्र में मिल जाती है। सप्त सिन्धु क्षेत्र मुख्य रूप से वाटर सिस्टम है। लेकिन अनेकों आक्रमणकारियों के हमलों के कारण यह भौगोलिक रूप से तो विद्यमान रहा, परन्तु राजनैतिक रूप से खंड खंड हो गया। अठाहरवीं शताब्दी में जब अंग्रेजों का आगमन हुआ और वे देश भर में अपने पैर पसारते पसारते सप्त सिन्धु क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, उन्हीं दिनों इस क्षेत्र में महाराजा रणजीत सिंह (1780-1839) का राजनैतिक क्षेत्र में उदय होता है। रणजीत सिंह यदुवंशी भट्टी समुदाय से ताल्लुक रखते थे। सप्त सिन्धु क्षेत्र, जैसा कि ऊपर संकेत दिया गया है, राजनैतिक रूप से अनेक छोटे छोटे क्षेत्रों में विभाजित था। सतलुज तक तो अंग्रेजों ने कब्जा कर ही लिया था। रणजीत सिंह समझ गए थे कि यदि अंग्रेजों से मुकाबला करना है तो सप्त सिन्धु क्षेत्र के एकीकरण की ओर कदम बढ़ाना होगा। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने प्रयास शुरू किए। उन दिनों पंजाब में भंगी, कन्हैया, रामगढिया, सिंहपुरिया, सुकरचकिया, आहलूवालिया, नकई, डल्लेवाला, निशानवालिया, करोड़सिंघिया, निहंग, फुलकियां व फैजलपुरिया मिसलें थीं। रणजीत सिंह स्वयं सुकरचकिया मिसल से ताल्लुक रखते थे। उन दिनों लाहौर पर भंगी और कन्हैया मिसल का कब्जा था। रणजीत सिंह ने सप्त सिंधु के एकीकरण की शुरुआत सबसे पहले इन बारह मिसलों के एकीकरण से ही की थी।

1799 में लाहौर के किले पर रणजीत सिंह का कब्जा हो गया। उसने कुछ समय में ही साम-दाम-दंड-भेद की कूटनीति का प्रयोग करते हुए अन्य सभी मिसलों का एकीकरण करने में सफलता प्राप्त की। फुलकियां मिसल और आहलुवालिया मिसल कुछ रियासतों में स्थापित हो गईं। शेष सभी रियासतों को रणजीत सिंह ने अपने राज्य में एकीकृत कर दिया। इसके बाद उसका ध्यान जम्मू के पहाड़ी क्षेत्रों की ओर गया। 1808 में रणजीत सिंह ने जम्मू को अपने राज्य में एकीकृत किया। उसके अगले ही साल 1809 में गुलाब सिंह (1792-1858) लाहौर में महाराजा रणजीत सिंह की सेना में शामिल हो गए। उस समय उनकी आयु महज 16-17 साल थी। गुलाब सिंह ने जल्दी ही अपनी योग्यता से उनकी सेना में ऊंचा मुकाम हासिल कर लिया था। वह जानता था कि जम्मू की छोटी छोटी जागीरों और रियासतों को एकीकृत किए बिना सशक्त राज्य की कल्पना नहीं की जा सकती। रणजीत सिंह ने जम्मू के पड़ोस में रियासी को मियां दीवान सिंह नाम के किसी व्यक्ति को जागीर के तौर पर दे दी । इससे पहले कि दीवान सिंह रियासी पहुंच पाता, गुलाब सिंह ने उस पर कब्जा कर लिया और जोरावर सिंह को उसका वजीर नियुक्त कर दिया। दीवान सिंह ने अपने बड़ी संख्या के सैनिकों से किले को घेर लिया। जोरावर सिंह डटा रहा, लेकिन मुकाबला असन्तुलित होता जा रहा था। गुलाब की ओर से जम्मू का प्रशासन दीवान अमीर चन्द देखता था। अमीर चन्द ने बहुत हिम्मत से भारी संख्या में सैनिक एकत्रित किए और रियासी में कुमकुम लेकर जा पहुंचा। दीवान चन्द का क़िले पर कब्जा करने का प्रयास विफल रहा। जब गुलाब सिंह जम्मू के क्षेत्र को एकीकृत कर रहा था तो रणजीत सिंह ने कश्मीर को विदेशी कब्जे से मुक्त करवाने का निर्णय किया। दरअसल सप्त सिन्धु क्षेत्र के एकीकरण के अभियान में कश्मीर का महत्वपूर्ण स्थान था।

एक दो असफल अभियानों के बाद अन्ततः रणजीत सिंह ने 1819 में कश्मीर को भी विदेशी हुकूमत के पंजे से मुक्त करवा लिया। कश्मीर की मुक्ति अपने आप में सप्त सिन्धु क्षेत्र के इतिहास में बहुत बड़ी घटना थी। दरअसल रणजीत सिंह के अधिकांश विजय अभियानों में गुलाब सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। 1819 में मुलतान विजय के अभियान में गुलाब सिंह के शौर्य और साहस ने रणजीत सिंह को आश्चर्यचकित कर दिया। मुलतान के क़िले को लेकर भयंकर युद्ध हो रहा था। रणजीत सिंह की सेना का एक सरदार क़िले की दीवार के पास गिरा। क़िले से भयंकर गोलाबारी हो रही थी। रणजीत सिंह उस सरदार की लाश को वहां से लाना चाहते थे। उन्होंने सैनिकों को वहां से लाश उठा कर लाने का आदेश दिया। किसी की हिम्मत गोलों की बौछार में वहां तक जाने की नहीं हुई। लेकिन गुलाब सिंह जान की परवाह न करते हुए वहां से लाश उठा लाए। इन्हीं दिनों महाराजा रणजीत सिंह ने डेरा गाजी खान को मुक्त करवा कर उसे एकीकृत शासन का अंग बना लेने का अभियान चला रखा था। गुलाब सिंह इस अभियान में सक्रिय थे। ऐसा लगने लगा था कि पंजाब के जिस हिस्से पर अंग्रेज़ों ने पहले ही कब्जा कर लिया था, उसको छोड़ कर जल्दी ही पूरे सप्त सिन्धु क्षेत्र का एकीकरण हो जाएगा और सशक्त सप्त सिन्धु अंग्रेज़ी राज को पश्चिमोत्तर भारत में बढऩे से रोक सकता है। कश्मीर का एकीकरण हो गया। मुलतान और पेशावर भी एकीकृत राज्य का हिस्सा बन गए थे । लेकिन जम्मू में मियां डीडो (1780-1821) अस्थिरता पैदा कर रहा था। महाराजा रणजीत सिंह ने गुलाब सिंह को डीडो को नियंत्रण में करने के अभियान में लगाया। गुलाब सिंह की सबसे बड़ी समस्या यह थी कि मियां डीडो उसी का बान्धव था।

वैधानिक सूचना
**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।


## छोटी खबरें

### PMGSY की मियाद बढ़ी, केंद्र का बड़ा फैसला, हिमाचल को होगा 650 करोड़ का फायदा

**शिमला।** भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के पहले और दूसरे चरण का कार्यकाल बढ़ा दिया है। अब यह अवधि 31 मार्च 2024 में खत्म होगी। केंद्र सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा असर हिमाचल में देखने को मिलेगा। इस फैसले के बाद प्रदेश सरकार को करीब 650 करोड़ रुपए का फायदा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मार्च माह में पीएमजीएसवाई की अवधि बढ़ाने के संबंध में केंद्र सरकार को पत्र भेजा था। इस पत्र में मुख्यमंत्री ने हिमाचल में पहाड़ी और बर्फबारी वाले क्षेत्रों में काम तय समय पर पूरा न हो पाने की वजह से अतिरिक्त समय देने की बात कही थी। इसी पत्र में 650 करोड़ रुपए के वित्तीय बोझ का भी हवाला दिया गया था। अब केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पीमएजीएसवाई की मोहलत को बढ़ाने का फैसला करते हुए गुरुवार को दिल्ली में अधिसूचना जारी कर दी है। यह आदेश पूरे भारत पर एक साथ लागू हो गए हैं। केंद्र सरकार की तरफ से जारी इन आदेशों में पीएमजीएसवाई एक और दो का कार्यकाल मार्च, 2024 तक करने का फैसला किया गया है। इस पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के पहले और दूसरे चरण का कार्यकाल 31 मार्च को खत्म हो चुका था, लेकिन इसके बाद बहुत से राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों ने कार्यकाल को बढ़ाने के संबंध में केंद्र सरकार को पत्र भेजे थे। इन पत्रों में शामिल साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए अब केंद्र सरकार ने पीएमजीएसवाई के कार्यकाल को बढ़ाने का फैसला किया है। भारत सरकार के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला की तरफ से जारी इस पत्र में सभी राज्यों को तय तारीख तक कार्य पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। केंद्र सरकार 31 मार्च के बाद पीएमजीएसवाई के पहले और दूसरे चरण में किसी भी तरह की रियायत नहीं देगी। इन दोनों योजनाओं को कार्यकाल 2024 में हर हाल में खत्म हो जाएगा।

# सीएम खट्टर, अधिकारियों का प्रबुद्ध लोगों से सीधा संवाद

**चंडीगढ़, (वार्ता)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने धरातल स्तर पर आज आदमी की समस्याओं को जानने के लिए एक नई कवायद शुरू करते हुये मुख्यमंत्री तक शिकायतें और सुझाव पहुंचाने के लिए ग्राम दर्शन, नगर दर्शन, सीएम विंडो और जनसंवाद कार्यक्रमों की शुरुआत की है जिसमें वह स्वयं जनता से फीडबैक लेकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।



खट्टर स्थानीय सांसदों, विधायकों और क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों के साथ आईएएस अधिकारियों के साथ अपने सरकारी आवास संत कबीर कुटीर में सीधा संवाद भी करा रहे हैं। मुख्यमंत्री की इस नई शुरुआत के प्रति लोगों में उत्सुकता बढ़ी है और वे खुलकर उनके समक्ष अपनी बातें रख रहे हैं। कई बार मुख्यमंत्री स्वयं शिकायतकर्ता से सीधे फ़ोन पर बात कर वास्तविक स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इस कड़ी में मुख्यमंत्री ने आज हिसार लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सीधा संवाद किया।

उन्होंने कहा कि चार से पांच घंटे सरकार जनता के बीच है और अधिकारियों को वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकते हैं। सरकार का लक्ष्य लोगों का जीवन सुगम बनाना है। अधिकारी भी प्रबुद्ध लोगों द्वारा दी गई शिकायतों और सुझावों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य एवं आपूर्ति, सिंचाई एवं जल संसाधन, लोक निर्माण, बिजली, विकास एवं पंचायत, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, अंत्योदय तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी जैसे प्रमुख विभागों से लोगों की समस्याएं जुड़ी होती हैं और इन्हीं विभागों के अधिकारियों को विशेष रूप से जन संवाद कार्यक्रम में बुलाया गया है ताकि वे भी जनता से सीधा फीडबैक ले सकें।

## आनी में चक्का जाम; चौकी दलाश बस रूट बदलने पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, गाड़ी रोककर प्रदर्शन

**आनी।** आनी से चौकी दलाश बस के रूट को सोईधार तक बढ़ाए जाने पर ओलवा गांव के लोगों ने भारी रोष जताया है। ग्रामीणों ने इसके विरोध में शुक्रवार को भी जुंडवा में बस को रोककर चक्का जाम किया। ग्रामीणों ने अपने धरने में परिवहन निगम से इस बस के रूट को यथावत रखने की मांग उठाई है। ग्रामीण तेजिंद्र, विपिन शर्मा, रोहित शर्मा व मीना कुमारी सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि आनी चौकी दलाश बस के रूट को बढ़ाने और इसका समय बदलने से लोगों में परिवहन निगम के प्रति खासा रोष है। उनका कहना है कि इस बस में निशानी, कोपटू, ओलवा कोट, तलिनीधार तथा कोटनू के स्कूली बच्चे और कर्मचारी व व्यवसायी हर दिन दलाश जाते हैं और आनी से भी बहुत से लोग आवश्यक कार्य से दलाश जाते हैं। अब इस बस के रूट को दलाश से आगे गोहाण सोईधार बढ़ाए जाने से इसके पूर्व निर्धारित समय में तबदीली हुई है।

## मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल, नूरपुर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं



**नूरपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने गुरुवार को भाजपा संगठनात्मक जिला नूरपुर के पार्टी कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और मोदी सरकार के महा जनसंपर्क अभियान बारे में बताया तथा लोकसभा के चुनावों के लिए तैयार रहे को कहा। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने पत्रकारों को संबोधित करते कि मोदी सरकार का नौ वर्ष का कार्यकाल शानदार रहा है और इस दौरान समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाए चलाई हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के समय यहां देश आर्थिक दृष्टि से मजबूत हुआ है, वहीं देश की दुनिया भर में रैंकिंग बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं, किसानों सहित हर वर्ग का ख्याल रखा है उनके कल्याण व आर्थिक उत्थान के लिए सराहनीय प्रयास किए है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह नौ वर्ष का कार्यकाल स्वर्ऱ्णिम रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे है और नूरपुर में 12 जून को एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा आने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों के लिए जुट गई है और प्रदेश की चारों सीटे भारी बहुमत से जीतेगी।

# विदेश

## जॉर्ज अब्राहम को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, राहुल के करकमलों से किया पुरस्कार ग्रहण

**वाशिंगटन (वार्ता)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस ( आईओसी ) के संस्थापक सदस्य एवं अमेरिकी चैप्टर के उपाध्यक्ष जॉर्ज अब्राहम को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इंडिका न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक श्री अब्राहम को आईओसी के प्रति अपने कई वर्षों के समर्पण और योगदान के लिए यह सम्मान मिला है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने श्री अब्राहम को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा। आईओसी ग्लोबल के प्रमुख सैम पित्रोदा ने क्वींस, न्यूयॉर्क में आयोजित कार्यक्रम में अवार्ड की घोषणा की और श्री अब्राहम को सम्मान पट्टिका प्रदान करने के लिए श्री गांधी को आमंत्रित किया।




आईओसी ने एक बयान में कहा कि यह पुरस्कार किसी व्यक्ति की दृष्टि, प्रतिबद्धता और प्यार के श्रम के लिए एक योग्य सम्मान है तथा श्री अब्राहम की पत्नी लोना ने भी उनके साथ आईओसी के लिए काम किया।

## जापान में भूस्खलन के मद्देनजर 27 हजार से अधिक लोगों को निकासी के आदेश



**टोक्यो (वार्ता)** जापान के शिजुओका प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण हो रहे भूस्खलन के मद्देनजर 27,500 निवासियों को वहां से निकलने का आदेश जारी किया गया है।

एनएचके प्रसारक ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले हफ्ते मावर तूफान के कारण हुई मूसलाधार बारिश के मद्देनजर भूस्खलन जोखिम के पांच संभावित खतरे में से इस क्षेत्र में चौथे स्तर का जोखिम घोषित किया गया है। चौथे स्तर के जोखिम का मतलब है कि लोगों को समय रहते अपना आश्रय खाली करना चाहिए। इससे पहले गुरुवार को जापानी मीडिया ने रिपोर्ट में बताया था कि हमामत्सु शहर में 203,300 से अधिक तथा कोसाई शहर के करीब 2,300 बुजुर्गों और लोगों के लिए घर खाली करने का यह आदेश जारी किया गया हैं।

## यूक्रेन के दक्षिणी शहर में आयी बाढ़ से नौ लोगों की मौत

**कीव, (वार्ता)।** यूक्रेन के दक्षिणी ओलेश्की शहर में कखोवका बांध टूटने से आई बाढ़ से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। शहर के मेयर येवेन रिशचुक के हवाले से इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने बताया है कि अब तक नौ लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों लोग बाढ़ के कारण घरों की छतों पर फंसे हुए हैं और बचाव का इंतजार कर रहे हैं। कखोव्का पनबिजली संयंत्र बांध को मंगलवार तड़के नष्ट कर दिया गया। यूक्रेन और रूस ने बांध पर हमले को लेकर एक दूसरे पर आरोप लगाये हैं। रिपोर्ट के अनुसार कखोव्का हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर संयंत्र से करीब 60 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित ओलेस्की पर फिलहाल रूसी सेना का नियंत्रण है।



# मिट गई पहचान, फिर भी जिला अस्पताल में रखे विसरा के मर्तबान

**बारिश से ढह गया था जिला अस्पताल का पोस्टमार्टम हाउस**

**फिलहाल पोस्टमार्टम हाउस में बने टीन शेड के नीचे हो रहा है पोस्टमार्टम**

**एमसीएच बनाने वाली कार्यदायी संस्था कर रही है नए पोस्टमार्टम का निर्माण**

गौरव कुमार, उत्तराखंड प्रहरी



**हरिद्वार।** जिला अस्पताल हरिद्वार में आज भी ऐसे विसरो के मर्तबान रखे हुए हैं, जिनकी बाहर लिखी चिट से उनका नाम तक मिट गया है। तीन माह पूर्व हुई बारिश से अचानक अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस की दीवार ढह गई थी। जिसमें अस्पताल प्रशासन की ओर से वर्षों पुराने विसरे रखे गए थे। पोस्टमार्टम हाउस का निर्माण कार्य चलने के दौरान फिलहाल टीन शेड में ही शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक 17-18 मार्च की रात तेज बारिश के चलते अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस की दीवार अचानक ढह गई। जिसमें सुरक्षित रखे विसरे दीवार के बाहर से दिखने लगे थे। इनमें से कुछ विसरे के मर्तबान इतने पुराने हो चुके है, जिनकी पहचान तक मिट गई है। जिला अस्पताल के कार्यवाहक सीएमएस डॉ. चंदन कुमार मिश्रा ने बताया कि पहचान मिटे विसरो के निस्तारण के लिए जिला अस्पताल की ओर से एसएसपी अजय सिंह को 1 मार्च को पत्र लिखा गया था। जिसमें एसएसपी कार्यालय से 15 मार्च को जवाब आया कि किन-किन थाना क्षेत्रों से संबंधित विसरे अस्पताल में मौजूद है, उनकी सूची उपलब्ध कराएं। डॉ. चंदन मिश्रा ने बताया कि जिला अस्पताल के बगल में हो रहे नए एमसीएच की निर्माणदायी संस्था की ओर से पुराने पोस्टमार्टम हाउस को ध्वस्त कर नया पोस्टमार्टम हाउस बनाया जा रहा है। फिलहाल सभी विसरो को रोशनाबाद स्थित पोस्टमार्टम हाउस में शिफ्ट करा दिया गया है। विसरो के निस्तारण को लेकर एसएसपी कार्यालय से आदेश आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### यह होता है विसरा

*किसी व्यक्ति की मौत के बाद मौत के कारणों को पता लगाने के लिए मृतक के शरीर के कुछ आंतरिक अंगों को सुरक्षित रखा जाता है, इसे विसरा कहते हैं। बिसरा का रासायनिक परीक्षण करने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो जाती है। जिला अस्पताल के कार्यवाहक सीएमएस डॉ. चंदन कुमार मिश्रा ने बताया कि किसी व्यक्ति का शव देखने पर उसकी मृत्यु संदिग्ध लगे या उसे जहर देने की आशंका जताई जा रही हो तो उस व्यक्ति का विसरा सुरक्षित रख लिया जाता है। बाद में जांच के बाद स्थिति का पता लगाया जाता है। सरल शब्दों में कहा जाए तो मानव शरीर के अंदरुनी अंगों फेफड़ा, किडनी, आंत को विसरा कहा जाता है।*

## ढाबे में परोस रहा था शराब, सिडकुल पुलिस ने ढाबा संचालक को लिया हिरासत में




उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी अजय सिंह के दिशा-निर्देशन में जिला में चल रहे अभियान के तहत सिडकुल पुलिस ने ढाबे शराब परोसे जाने के आरोप ढाबा संचालक को हिरासत में ले लिया। इस दौरान खुले में शराब का सेवन कर रहे 9 व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्यवाही की गई है। सिडकुल पुलिस के मुताबिक पुलिस टीम ने ढाबे पर शराब परोसे जाने पर ढाबा संचालक गौरव को हिरासत में लिया है। इस दौरान पुलिस टीम ने 4 पव्वे अंग्रेजी शराब और पांच डिस्पोजल गिलास भी बरामद किए हैं। मामले में गौरव पुत्र ओमप्रकाश निवासी ब्रह्मपुरी थाना सिडकुल हरिद्वार '(ढाबा संचालक), विष्णु पुत्र चुन्नी लाल निवासी सुल्तानपुर मजरी बहादराबाद हरिद्वार, सचिन कुमार पुत्र अतर पाल निवासी डैंसो चौक थाना सिडकुल, ब्रह्मदास पुत्र आत्मा राम निवासी बलोटा जिला विलासपुर थाना बरोड़ी हिमाचल प्रदेश, राजेश यादव पुत्र स्व. मुलायम सिंह यादव निवासी मतुलापुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश, सचिन पुत्र कुंवर सिंह निवासी गुमखाल थाना लैंसडौन पौड़ी गढ़वाल, नसीर मौहम्मद पुत्र अशरफ निवासी सलेमपुर सिडकुल हरिद्वार, राज पुत्र रघुवीर निवासी सुबरी थाना ननौता जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश, आकाश पुत्र कम्पोटर निवासी काठमांडू नेपाल उम्र 26 वर्ष, अक्षय पुत्र श्रवण सैनी निजामपुर थाना मंगलौर हरिद्वार के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त शांति भंग के आरोप में अभियुक्त पवन सिंह रावत पुत्र देवेंद्र सिंह रावत निवासी ग्राम गोडंडी पट्टी खातक्यू जिला पौड़ी गढवाल हाल पता शिवालिक नगर थाना रानीपुर जिला हरिद्वार को हिरासत में लेते हुए 151 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की गई।

## जिला जज बन कर ठगने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

**जौनपुर, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिलें में स्वयं को जिला जज बुलन्दशहर बताने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा ने बताया कि दोनों अभियुक्तों ने स्वयं को जिला जज बिजनौर बताकर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा को व्हाट्सएप पर मैसेज किया और कुछ देर बाद दोनों एक प्रार्थना पत्र लेकर उनके पास पहुंच गए। दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर धारा 419/420 भादवि पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सौरभ शुक्ला निवासी गोधना मकदुमपुर थाना लाइन बाजार जौनपुर तथा .श्याम श्रीवास्तव निवासी सलखापुर थाना लाइन बाजार जौनपुर का चालान न्यायालय भेजा गया।

## घर में घुस हथियारबंद बदमाशों ने की तमंचे के बल पर की लूट, जाँच में जुटी पुलिस

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता



**रुड़की।** देर रात तीन हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर तमंचे के बल पर डेढ़ लाख की नगदी समेत जेवर लूट लिए तथा फरार हो गए। घटना रुड़की में गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुर की है। मकान मालिक ने बताया कि वह अपने कमरे में बैठ कर कुछ पढ़ रहे थे, कि तभी उनके मां की चीखने की आवाज आई। आवाज सुन वह मौके की तरफ भागे। वहां बदमाशों ने पहले उनकी मां के सिर पर तमंचा मारा जिससे उनके सिर में खून बहने लगा। बदमाशों ने छोटे बच्चे के सिर पर भी तमंचा लगा दिया। बदमाशों ने भयभीत करते हुए नगदी जेवर लूट लिए, और फरार हो गए। जैसे ही वे बाहर देखने गए तो आसपास के लोगों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही भाजपा के साथ कांग्रेस के कई कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और जानकारी लेने के साथ ही गंगनहर कोतवाली पहुंचकर बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली में जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि बदमाश बड़ी वारदात को अंजाम देना चाहते थे लेकिन शोर मचाने और आसपास के लोगों को आता देख वे फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। कोतवाली प्रभारी बीएल भारती ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। एसपी देहात एसके सिंह ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया है।

## टाटा मोटर्स ने लखनऊ में लांच की अल्ट्रोज आईसीएनजी

**लखनऊ (वार्ता)।** आटोमोबाइल के क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनी टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को सीएनजी के बाजार में एक नयी क्रांति का आगाज करते हुये नवाब नगरी लखनऊ में अल्ट्रोज आईसीएनजी की लॉन्चिंग की। सात लाख 55 हजार रूपये से लेकर दस लाख 55 हजार रूपये की एक्स शो रूम कीमत वाली कारों को नए एडवांस फीचर्स और देश की पहली ट्विन सिलिंडर टेक्नोलॉजी के साथ पेश किया गया है, जिसमें सामान रखने के लिये पर्याप्त जगह है। अल्ट्रोज आईसीएनजी में वॉयस अस्सिटेड इलेक्ट्रिक सनरूफ, वायरलेस चार्जर और एयर प्यूरिफायर शामिल हैं। टियागो और टिगोर की सफलता के बाद अल्ट्रोज आईसीएनजी कंपनी की तीसरी ऐसी सीएनजी गाड़ी है, जो उपभोक्ताओं को केवल पर्सनल सेग्मेंट में ऑफर की जा रही है।




टाटा मोटर्स पैसेंजर्स व्हीकल लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिसिटी मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने लॉन्च के अवसर पर कहा, "ज्यापदातर उपभोक्ता अब वैकल्पिक ईंधन से चलने वाली गाड़ियों की तलाश कर रहे हैं। इसके साथ ही वह ऐसी कार चाहते हैं, जो ईंधन की खपत में किफायती हो और इसके साथ ही उसे चलाने से प्रदूषण भी नहीं हो। हालांकि सीएनजी गाड़ियों की विकल्प अपनाने से कई बेहतरीन फीचर्स के मामले में समझौता करना पड़ता है और इन गाड़ियों में सामान रखने की ज्यादा जगह नहीं मिलती। जनवरी 2022 में उपभोक्ताओं की पहली मुश्किल को दूर करने के लिए टियागो और टिगोर में एडवांस्ड आईसीएनजी टेक्नोलॉजी लॉन्च की, जिसमें शानदार परफॉर्मेंस के साथ बेहतरीन फीचर्स का संयोजन किया गया था। आज हम नई अल्ट्रोज टाटा आईसीएनजी को लॉन्च कर काफी उत्साहित हैं। यह यात्रियों की सामान रखने की जगह की चिंता की मुश्किल को सुलझाते हुए सीएनजी मार्केट को फिर से पारिभाषित करेगी।" उन्होंने कहा, "ट्विन-सिलिंडर सीएनजी टेक्नोलॉजी और ऐडवांस फीचर्स के साथ हम निजी उपयोग के लिए गाड़ियां खरीदने वाले बहुत से लोगों को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं कि वह सीएनजी गाड़ियों के लिए हमारी कंपनी की कारों को खरीदने पर गंभीरता से विचार करें। अल्ट्रोज आईसीएनजी को छह वैरिएंट्स में पेश किया गया है, जिसमें एक्सई, एक्सएम+, एक्सएम+(एस), एक्सजेड, एक्सजेड+(एस), एक्सजेड+ओ(एस) शामिल हैं। यह कार चार रंगों, ओपेरा ब्लू, डाउनटाउन रेड, ऑर्केड ग्रे और ऐवेन्यू वाइट जैसे रंगों में मिल रही है। इस गाड़ी की खरीद पर तीन साल या 100000 किमी की स्टैंडर्ड वॉरंटी मिलती है।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com